आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.03.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज टिहरी झील महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।
- प्रदेश सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किए, मुख्यमंत्री ने बताया विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 9 से 13 मार्च तक प्रदेश के सभी जिलों में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- प्रदेश में सहकारिता तंत्र को मजबूत करने के लिए बागेश्वर, चंपावत और रुद्रप्रयाग में जिला सहकारी बैंक की स्थापना की जाएगी।
- और... टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से हराया।

झील महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज टिहरी ज़िले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टिहरी झील महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। तीन दिन तक चलने वाला यह महोत्सव नौ मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, साहसिक और मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि महोत्सव के तहत आयोजित होने वाली विभिन्न साहसिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अब तक 2 हजार 300 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट

प्रदेश सरकार ने राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ये आंकड़े राज्य के सतत विकास और सुशासन के प्रयासों का परिणाम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसडीपी, प्रति व्यक्ति आय, एमएसएमई, स्टार्टअप और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति यह दर्शाती है कि उत्तराखण्ड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार सृजन, निवेश प्रोत्साहन और जनकल्याण को केंद्र में रखते हुए राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले कल देहरादून में प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024–25 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद तीन लाख 81 हजार 889 करोड़ रुपये रहा। वहीं इस अवधि में राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर दो लाख 73 हजार 921 रुपये हो गई है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्ष 2024–25 में राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई की कुल संख्या बढ़कर 79 हजार 394 हो गई है।

'महिला आयोग आपके द्वार'

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग प्रदेशभर में वृहद अभियान चलाएगा। राष्ट्रीय महिला आयोग के अभियान "महिला आयोग आपके द्वार" के अंतर्गत नौ से तेरह मार्च तक प्रदेश के सभी जिलों में विशेष महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक कारणों से कई बार ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अपनी शिकायत लेकर मुख्यालय तक नहीं पहुंच पातीं। ऐसे में आयोग स्वयं उनके द्वार तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास कर रहा है।

श्रीमती कंडवाल ने प्रदेश की महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रमों में निर्भीक होकर भाग लें और अपनी समस्याएं आयोग के समक्ष रखें।

सहकारी बैंक स्थापना

प्रदेश में सहकारिता तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए बागेश्वर, चंपावत और रुद्रप्रयाग जिलों में एक–एक जिला सहकारी बैंक की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही इन जिलों में 55 नई बैंक शाखाएं भी खोली जाएंगी।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कल देहरादून में राज्य सहकारी बैंक और जिला सहकारी बैंकों की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने एनपीए की वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सभी जिला सहकारी बैंकों के महाप्रबंधकों को अगले पंद्रह दिनों के भीतर युद्धस्तर पर वसूली अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में डॉ. रावत ने निबंधक सहकारिता को निर्देश देते हुए कहा कि एक अप्रैल से प्रदेश की शीर्ष सहकारी समितियों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की जाएगी, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके।

टी–20 क्रिकेट विश्व कप

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से संजू सैमसन ने 42 गेंदों पर शानदार 89 रन बनाए, जबकि शिवम दुबे ने 43 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए जैकब बेथेल ने 48 गेंदों पर शानदार 105 रन बनाए। संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर पर पर उमर उजाला का शीर्षक है– भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत पर अमेरिका का हमला, 87 की मौत

नवोदय टाइम्स प्रधानमंत्री मोदी के हवाले से लिखता है– टकराव से समाधान नहीं

टी–20 विश्व कप पर दैनिक जागरण लिखता है– अब इतिहास रचने को भारत की न्यूजीलैंड से होगी जंग

प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– यात्रा के लिए आज से शुरू ऑनलाइन पंजीकरण

असम में सुखोई–30 विमान दुर्घटनाग्रस्त तलाश अभियान जारी– हिन्दुस्तान की सुर्खी